**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

-------

**18 दिन बाद राज्यपाल के चार वर्ष पूर्ण होंगे**

**राज्यपाल ने 1,443 दिन के कार्यकाल में 1,413 सार्वजनिक कार्यक्रमों में सहभाग किया**

लखनऊ: 04 जुलाई, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के रूप में 18 दिन बाद श्री राम नाईक के कार्यकाल के चार वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। श्री नाईक ने 22 जुलाई, 2014 को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के पद की शपथ ग्रहण की थी। उन्होंने गत 347 कार्य दिवस में 22 जुलाई, 2017 से 03 जुलाई, 2018 तक 6,435 लोगों से मुलाकात की। इस प्रकार विगत (22 जुलाई, 2014 से 03 जुलाई, 2018 तक) 1,443 दिन में उन्होंने 24,679 लोगों से राजभवन में मुलाकात की है। आगामी 22 जुलाई, 2018 को राज्यपाल अपना चौथे वर्ष का कार्यवृत्त जारी करेंगे। पारदर्शिता और जवाबदेही के अन्तर्गत इससे पूर्व भी वे 2014 से प्रत्येक वर्ष 22 जुलाई को 'राजभवन में राम नाईक' शीर्षक से अपनी कार्यवृत्त पुस्तिका का प्रकाशन करते आ रहे हैं। श्री नाईक का कार्यवृत्त प्रकाशन उनके विधायक, सांसद, मंत्री व समाज सेवा में रहते हुए हर वर्ष प्रकाशित होता रहा है।

राज्यपाल ने 22 जुलाई, 2017 से 03 जुलाई, 2018 तक यानी 347 दिनों में लखनऊ के 234 कार्यक्रमों और लखनऊ से बाहर आयोजित 133 कार्यक्रमों में शामिल हुए। 27 अक्टूबर, 2017 से 02 दिसम्बर, 2017 (37 दिन) तक नगर निगम, नगर परिषद, पंचायत समिति चुनाव आचार संहिता लागू थी। वैसे ही 04 जनवरी, 2017 से 14 मार्च, 2017 (70दिन) तक विधान सभा चुनाव आचार संहिता लागू थी। दोनांे चुनाव की आचार संहिता मिलाकर (70,37) कुल 107 दिन राज्यपाल किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हुए। राज्यपाल ने अब तक अपने 1,443 दिन के कार्यकाल में लखनऊ में 887 कार्यक्रमों तथा लखनऊ के बाहर 526 कार्यक्रमों यानी कुल 1,413 सार्वजनिक कार्यक्रमों में सहभाग किया है।

राज्यपाल को एक वर्ष में उत्तर प्रदेश के बाहर आयोजित कार्यक्रमों में जाने के लिये कुल 73 दिन स्वीकृत हैं। इसके सापेक्ष श्री नाईक विगत वर्ष मात्र 24 दिन ही उत्तर प्रदेश के बाहर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए, जो 73 दिन का केवल 33 प्रतिशत है।

इसी प्रकार राज्यपाल को 20 दिन का वार्षिक अवकाश उपभोग करने की अनुमति है। लेकिन श्री नाईक ने मात्र दो बार ही अपने वार्षिक अवकाश का उपभोग किया है। वे 3 से 12 अक्टूबर 2015 तक कुल 10 दिन उत्तराखण्ड के नैनीताल और 14 से 22 मई, 2016 तक कुल 9 दिन हिमाचल प्रदेश के शिमला के भ्रमण पर रहे। वर्ष 2017 और 2018 में उन्होंने किसी प्रकार का व्यक्तिगत अवकाश नहीं लिया।

इसी क्रम में 22 जुलाई, 2017 से 03 जुलाई, 2018 तक राजभवन से 484 प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है। राज्यपाल के अब तक के कार्यकाल में 1,806 प्रेस विज्ञप्तियाँ राजभवन से जारी की जा चुकी हैं।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन(266/3)